दिनांक : 27 .05.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज गुजरात में 5 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- मुख्यमंत्री ने कहा नरसिंहपुर के कृषि उद्योग समागम में 4 हजार 376 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में आयोजनों का दौर जारी।
- मुंबई में 16 दिन पहले पहुंचा मॉनसून। प्रदेश में आज कई जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी।

-

प्रधानमंत्री-गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के गांधीनगर में महात्मा मंदिर में 5 हजार पांच सौ 36 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री गुजरात में शहरी प्रगति के लिए नये रोडमैप शहरी विकास वर्ष-2025 का शुभारंभ करेंगे। इसके पहले कल प्रधानमंत्री ने भुज में 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने दुनिया को दिखाया कि वह आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिला सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कृषि उद्योग समागम, नरसिंहपुर-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम में कुल 52 इकाईयों से 4376 करोड़ रुपयों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 6100 से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कल से शुरु हुए इस तीन दिवसीय समागम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों के राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

प्रधानमंत्री- प्रदेश दौरा तैयारियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को भोपाल आगमन को लेकर तैयारियां जारी है। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी के त्रि शताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर यह होने वाले महासम्मेलन में प्रधानमंत्री शामिल होंगे। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री मोदी लोकमाता देवी अहिल्या बाई को समर्पित विशेष डाक टिकट और सिक्के का विमोचन भी करेंगे। इसके साथ ही इंदौर में मेट्रो रेल परियोजना के लोकार्पण और उज्जैन में क्षिप्रा के विभिन्न घाटों के भूमिपूजन-लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम में एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों की सदस्य, लाड़ली बहनों के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं की भागीदारी रहेगी।

राष्ट्रपति पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक- पद्म पुरस्कार, तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान- प्रदेश

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रमों आयोजन जारी है। यह अभियान इंदौर जिले में व्यापक जनभागीदारी से जन-आंदोलन बन गया है। जिले में जल संग्रहण, जल संरक्षण और संवर्धन के हजारों कार्य प्रारंभ हो गये है। वर्तमान में जिले में 705 खेत तालाब, 1200 डग वेल रिचार्ज, 63 बावड़ी एवं चेकडेम जीर्णोद्धार, 5000 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ 12 अमृत सरोवर पर कार्य हो रहा है, जिसमें अधिकांश कार्य शुरू होकर प्रगति पर है। आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिले में चल रहे जलगंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक में समय सीमा में खेत तालाब, अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज संरचना, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज शाफ़्ट निर्माण , जीर्णोद्धार कार्य समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

शिवराज सिंह चौहान- पदयात्रा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल शाम को भैरूंदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प पदयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री एवं राजस्व मंत्री जल स्वच्छता के लिए जल चौपाल कार्यक्रम, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित जल संरक्षण कार्यक्रम एवं अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में श्रमदान भी किया।

राह्वीर योजना- प्रदेश

केंद्र सरकार की तर्ज पर मध्य प्रदेश सरकार ने भी राह्वीर योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा 25,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार प्रदान करने की अपील की थी।

वीसी-संजीव शर्मा

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने राहवीर योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह योजना मानवीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देगी।

बाइट- डा मोहन यादव

राहवीर योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की त्वरित सहायता सुनिश्चित करना है जिससे समय पर उपचार से उनकी जान बचाई जा सके।

यह योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले राहवीरों को सम्मानित करती है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करती है।

मध्यप्रदेश सड़क दुर्घटनाओं के मामले में देश के पांच शीर्ष राज्यों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक मध्य प्रदेश में 58 हजार 580 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई है।

-संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

मॉनसून

मुंबई में तय समय से 16 दिन पहले ही मॉनसून का कल प्रवेश हो गया है। जिससे भारी बारिश हो रही है और यहां मई महीने में 107 वर्षो में सर्वाधिक बारिश का रिकार्ड बन गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के ज्यादातर जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। जिनमें नर्मदापुरम, बैतूल, मैहर आदि जिले शामिल हैं। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस खजुराहो में दर्ज किया गया।

शनि जयंती

आज शनि जयंती के अवसर पर प्रदेश के शनि मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा और अभिषेक का क्रम जारी है। भोपाल के नेहरू नगर स्थित 51 फीट ऊंची शनि प्रतिमा का क्रेन के माध्यम से तेलाभिषेक किया जाएगा। खंडवा के भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शनि मंदिर में बड़े धार्मिक उत्साह के साथ शनि जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। ग्वालियर के पास ऐंती गांव में स्थित शनि पर्वत पर भक्तों के आने का सिलसिला जारी है। यहां 5 लाख से अधिक श्रद्दालुओं के आने की संभावना है। इंदौर के प्राचीन शनि मंदिर में भी कई आयोजन किए जा रहे है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी किए जाने का कार्य शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

ऽ इंदौर में अवैध कॉलोनियों में की गई प्लॉटो की रजिस्ट्री को शून्य कराया जायेगा। कॉलोनाइजरों को प्लॉट धारकों को राशि भी वापस करना होगी। इसके लिए कॉलोनी सेल को प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये हैं।

ऽ खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जल संरक्षण के लिए रूफटॉप वॉटर हार्वेस्टिंग का उपयोग अधिक से अधिक किये जाने के निर्देश दिए।

ऽ बैतूल में भाजपा ग्रामीण मंडल चिरापाटला द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की गौरवशाली उपलब्धि पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

ऽ पन्ना जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आज पुरूषोत्तमपुर स्थित शासकीय आईटीआई में जिला स्तरीय युवा संगम मेला आयोजित किया गया है।

ऽ स्विट्जरलैंड में नॉटविल वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में भारतीय पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर ने पुरुषों की भाला फेंक एफ-42 श्रेणी में 61 दशमलव एक सात मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतते हुए विश्व रिकॉर्ड कायम किया है।

ऽ आईपीएल टी-20 क्रिकेट में कल जयपुर में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराकर शीर्ष दो में जगह बना ली। आज लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

-------